**सम्मेलन** | शिक्षक संघों के दो दिवसीय सम्मेलन का समारोहपूर्वक शुभारंभ, आज खुला अधिवेशन में विभिन्न मुद्दों पर होगी चर्चा

# राष्ट्र के निर्माण में शिक्षक की महती भूमिका: सांसद

भास्कर न्यूज | जालोर

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का सोमवार को राउमावि राजेंद्र नगर में समारोहपूर्वक शुभारंभ हुआ। शुभारंभ कार्यक्रम में सांसद देवजी एम पटेल, जालोर विधायक अमृता मेघवाल, आहोर विधायक शंकरसिंह राजपुरोहित व उद्यमी कांतिलाल माली अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अतिथियों की ओर से मां सरस्वती व भारत माता की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर अधिवेशन का शुभारंभ किया गया। आदर्श विद्या मंदिर की बालिकाओं ने वंदे मातरम व लेटा की बालिकाओं ने कण-कण सूं गूंजे.. गीत पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद पटेल ने कहा कि वर्तमान में समाज व राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। शिक्षक अपने कर्तव्य व दायित्व का निर्वहन करते हुए संस्कारित व जिम्मेदार नागरिक के निर्माण में अपनी महती भूमिका निभाएं। सांसद ने शिक्षक हित व शिक्षकों की वाजिब मांगें मानने व समस्याओं के निस्तारण में सदैव सहयोग करने का आश्वासन दिया।

राज्य प्रशासनिक सेवा में चयनित शिक्षकों को संगठन की ओर से सम्मानित किए जाने को प्रशंसनीय बताते हुए मुख्य अतिथि ने संगठन के सामाजिक सरोकार में सहभागिता को प्रशंसनीय बताया। शिक्षकों को संबोधित करते हुए आहोर विधायक राजपुरोहित ने कहा कि शैक्षिक नवाचार व वार्ता के माध्यम से शैक्षिक उन्नयन के लिए प्रयास करते हुए जिले को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी लाने का प्रयास करना चाहिए। जालोर विधायक अमृता मेघवाल ने अपने उद्बोधन में गुरु की पुरातन परंपरा को आत्मसात करते हुए संस्कारवान व भारतीय संस्कृति के अनुरूप शिक्षा प्रणाली व पाठ्यक्रम का निर्माण किए जाने पर बल देने की बात कही ताकि भारत के गौरव की जानकारी विद्यार्थियों को हो सके। डीईओ जयनारायण द्विवेदी ने कहा कि शैक्षिक गुणवत्ता व श्रेष्ठ परिणाम के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षक सतत रूप से स्वाध्याय से जुड़ा रहे। उन्होंने शिक्षकों को नवीनतम शिक्षण, अधिगम व मनोवैज्ञानिक विषयों के संबंध में अद्यतन जानकारी के लिए तत्पर रहने की बात कही। कांतिलाल माली ने शिक्षकों से देश की वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर युवा पीढ़ी को राष्ट्रप्रेम व समाज सेवा की भावना जाग्रत कर तैयार रहने के लिए शिक्षकों को प्रयासरत रहने की बात कही। शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवदत्त आर्य ने कहा कि संगठन के कार्यकर्ता शैक्षिक गुणवत्ता, सामाजिक सरोकार, समाज व राष्ट्र निर्माण के लिए महती भूमिका निभाने को लेकर कृतसंकल्प है। जिला मंत्री अंबिकाप्रसाद तिवारी ने प्रतिवेदन के माध्यम से संगठन की ओर से वर्षपर्यंत किए गए प्रयासों व कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। कर्मचारी महासंघ के जिलाध्यक्ष दलपतसिंह आर्य ने शिक्षकों को समाज के लिए सदैव तैयार रहने की बात कही। इस अवसर पर क्षेत्रीय संगठन मंत्री गोपालसिंह, सभाध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष कपूरसिंह राजपुरोहित, संरक्षक मदनसिंह राठौड़ व वागाराम पुरोहित सहित जिले भर से ब्लॉक पदाधिकारी व शिक्षक उपस्थित थे।

## प्रशासनिक सेवा में चयनित शिक्षकों का संघ की ओर से किया गया सम्मान



जालोर. शिक्षक सम्मेलन में उपस्थित शिक्षक एवं मंचासीन अतिथि।




### इनका किया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान राज्य प्रशासनिक सेवा में चयनित शिक्षिका प्रियंका शर्मा संभाग महिला मंत्री, नारायणसिंह राजपुरोहित, मनरुपाराम चौधरी व छोगाराम चौधरी सहित चयनित शिक्षकों का माल्यार्पण कर स्मृति चिह्न व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन संयोजक यशवंत शर्मा, सहसंयोजक प्रशांतसिंह व कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार माली के नेतृत्व में जिले की सभी उपशाखा से पहुंचे शिक्षकों का पंजीयन व रजिस्ट्रेशन किया गया।

## शिक्षक सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों ने शिक्षक हितों पर की चर्चा

**सिवाड़ा** | कस्बे के संस्कृत उच्च माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का 55 वां जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांचौर विधायक सुखराम बिश्नोई तथा अध्यक्षता चितलवाना पूर्व उपप्रधान लक्ष्मीचंद गांधी ने की। वही विशिष्ट अतिथि के रुप में सिवाड़ा सरपंच दुर्गाराम बेनीवाल, पूर्व सरपंच हरिकिशन बिश्नोई, तुलछाराम मेघवाल, मंडल संरक्षक सोनाराम पंवार तथा केसाराम बोहरा मौजूद थे। सांचौर विधायक सुखराम बिश्नोई ने कहा कि शिक्षकों को अपने कर्तव्य निभाते हुए बच्चों को उच्च शिक्षा देकर शिक्षक धर्म का वहन करना चाहिए। उन्होंने शिक्षा के एकीकरण व निजीकरण को शिक्षक के लिए चुनौती बताई। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधान लक्ष्मीचंद गांधी ने शिक्षकों का सम्मान करने के साथ उनकी समस्याओं के समाधान की बात कही। सिवाड़ा सरपंच दुर्गाराम बेनीवाल ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता बताया। संघ के जिलाध्यक्ष लखमाराम चौधरी ने शिक्षा मंत्री के बयानों की निंदा करते हुए स्कूल समय में किए बदलाव



सिवाड़ा. शिक्षक संघ प्रगतिशील के सम्मेलन को संबोधित करते सांचौर विधायक।

को बच्चों के अहित में बताया। मंडल संरक्षक सोनाराम पंवार ने विधायक से शिक्षक हितों के मामलों को विधानसभा में उठाने के साथ शिक्षकों को अन्य कार्यों से मुक्त करवाने की मांग की। केसाराम मेहरा , पूर्व सरपंच हरिकिशन, मिश्रीमल साहू सहित अन्य शिक्षक नेताओं ने भी संबोधित किया। नव चयनित आरएएस हनुवीरसिंह व भामाशाह प्रदीप मांजू, ओमप्रकाश बिश्नोई, भगवानाराम मेघवाल का स्वागत किया गया। इस मौके पर भागीरथ पंवार, गोपीकिशन बिश्नोई, चमनाराम देवासी, भेराराम बिश्नोई, मनोहरदान चारण, रीड़मलराम गोयल, रमेशकुमार चौधरी, बाबूलाल जांगू, भागीरथ ढाका, कानाराम साहू, भजनलाल, आसाराम गोदारा, जावताराम कपासिया,चुतराराम दहिया, प्रकाशचंद, झालाराम परिहार, रुगनाथाराम, कमलेश मांजू तथा भुराराम पंवार सहित कई शिक्षक नेता व शिक्षक मौजूद थे।

**सम्मेलन का समापन आज:** शिक्षक संघ प्रगतिशील जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन का समापन समारोह मंगलवार को होगा। जिसमें सांसद देवजी एम पटेल, जिला प्रमुख वन्नेसिंह गोयल, पूर्व विधायक जीवाराम चौधरी, सांचौर प्रधान टाबाराम मेघवाल, चितलवाना प्रधान हनुमानप्रसाद भादू भाग लेंगे।

## शिक्षा में नवाचार अपनाकर बालकों के चरित्र निर्माण का आह्वान





जालोर. रेसला के जिला स्तरीय सम्मेलन में मंचासीन अतिथि और मौजूद शिक्षक।

### रेसला के दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन का हुआ समारोहपूर्वक शुभारंभ

भास्कर न्यूज | जालोर

राजस्थान शिक्षक सेवा प्राध्यापक संघ रेसला का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन राबाउमावि प्रताप चौक में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में जालोर विधायक अमृता मेघवाल, आहोर विधायक शंकरसिंह राजपुरोहित, जिला कोषाधिकारी दशरथ कुमार सोलंकी, रेसला के प्रदेश संगठन मंत्री शांतिलाल दवे, कर्मचारी नेता ईश्वरलाल शर्मा व धनराज दवे अतिथि के रूप में उपस्थित थे। रेसला संरक्षक कल्याणनारायण परमार, जिलाध्यक्ष देवीलाल गहलोत व जिला मंत्री धनराज छीपा ने सम्मेलन को संबोधित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आहोर विधायक राजपुरोहित ने नवपदोन्नत प्रधानाचार्यों से विद्यालयों में अपनी अधिकतम क्षमताओं का उपयोग कर नवाचार अपनाते हुए बालकों के चरित्र निर्माण का आह्वान किया। जालोर विधायक अमृता मेघवाल ने शिक्षक को गुणों की खान बताते हुए छात्रों के लिए समर्पण भाव के साथ काम करने की नसीहत दी। कार्यक्रम में व्याख्याता से प्रधानाचार्य बने रेसला सदस्यों का माला पहना स्मृति चिह्न देकर अभिनंदन किया गया। सम्मेलन के दूसरे सत्र में कर्मचारी नेता ईश्वरलाल शर्मा ने व्याख्याताओं को उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए अपने अधिकारों व हक के लिए सतत् संघर्ष करने का आह्वान किया। जिला कोषाधिकारी दशरथ सोलंकी ने कविता पाठ के माध्यम से शिक्षकों की समाज में प्रमुख भूमिका व बालक के संस्कार निर्माण में शिक्षक का महत्व बताया। मुख्य वार्ताकार धनराज दवे ने शिक्षक नवाचार पर चर्चा की। वहीं खुला सत्र में जालोर सहित विभिन्न ब्लॉक से आए पदाधिकारियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कोषाध्यक्ष विजय भंडारी ने गत सत्र के आय-व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। प्रदेश संगठन मंत्री शांतिलाल दवे ने संगठन की कार्यप्रणाली व उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए एक साल में 7 हजार व्याख्याताओं को प्रधानाचार्य बनने के लिए बधाई देते हुए राज्य सरकार का आभार जताया। इस अवसर पर जितेंद्र शर्मा, रतनसिंह राजपुरोहित, पूनमचंद विश्नोई, मनोहरसिंह चारण, प्रवीण त्रिवेदी, श्रीराम गोदाराम, धन्नाराम, कुणाल विश्नोई व गोपीलाल बोहरा सहित जिले भर से आए शिक्षक उपस्थित थे।